# झुमरा में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़

## राजडेरवा जंगल में 700 राउंड गोलियां चलीं, कई नक्सलियों के घायल होने का पुलिस का दावा

जासं, ललपनिया/गोमिया (बेरमो) : झुमरा पहाड़ की चुट्टे पंचायत स्थित राजडेरवा जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच रविवार को घंटों चले मुठभेड़ में एक जवान जख्मी हो गया। इस दौरान दोनों तरफ से लगभग 700 राउंड गोलियां चलीं। पुलिस की ओर से मोर्टार दागे जाने पर दबाव में आकर नक्सली आईईडी बम विस्फोट करते हुए भाग निकले। पुलिस का दावा है कि इस दौरान पांच से छह नक्सलियों को गोली लगी है, जिसे नक्सली अपने साथ लेते गए।

एएसपी अभियान उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस व सीआरपीएफ को नक्सली कमांडर मिथिलेश सिंह उर्फ दुर्योधन महतो के दस्ते की चतरोचट्टी में मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद नक्सलियों की घेराबंदी के लिए सीआरपीएफ 26वीं बटालियन के सहायक कमाडेंट पंकज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में राजडेरवा जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। जैसी ही पुलिस के जवान राजडेरवा व चइयाटांड़ के बीच पहुंची नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

इस क्रम में पुलिस की ओर से जवाबी फायरिंग की गई। इस दौरान हुए मुठभेड़ में सीआरपीएफ का जवान सुबोध कुमार जख्मी हो गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जवान सुबोध नक्सलियों की गोलियों से नहीं बल्कि पोजीशन लेने के क्रम में पत्थर के चट्टान से जा टकराया था। जिस कारण उसके दोनों हाथों की कलाई में चोटें आई है। फिलहाल दोनों तरफ से गोलीबारी बंद है। पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान झुमरा पहाड़ की तलहटी स्थित जंगल की घेराबंदी कर सर्च अभियान चला रहे हैं। मौके पर पहुंचे कोयलांचल डीआइजी प्रभात कुमार व बोकारो जिला के एसपी पी मुरुगन ने नक्सलियों को घेरने का दिशानिर्देश दिया।

**घंटों चली मुठभेड़ के दौरान गिरा सीआरपीएफ का जवान, घायल**

**पुलिस ने मोर्टार दागे, आइडी बम विस्फोट करते भागे नक्सली**



बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत राजडेरवा जंगल में रविवार की सुबह पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद लौटते सीआरपीएफ के जवान ● जागरण

# पीरटांड जंगल से दो 20-20 किलो की लैंडमाइंस बरामद

जासं, गिरिडीह : नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए सर्च अभियान को प्रभावित करने व पुलिस की टीम को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क से थोड़ी दूर पर रखे गये 20-20 किलों की दो लैंडमाइंस को पुलिस ने रविवार को निष्क्रिय कर दिया। बहरहाल पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ छापेमारी तेज कर दी है। छापेमारी अभियान में पीरटांड़ व मधुबन थाना प्रभारी के साथ जिला पुलिस, सैट व सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं।

अभियान एसपी दीपक कुमार ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध सीआरपीएफ व जिला पुलिस की टीम संयुक्त रूप से छापेमारी कर रही थी, जिसका नेतृत्व सीआरपीएफ के द्वितीय कमान के अधिकारी अजय रजनीकर कर रहे थे। इस दौरान पीरटांड़ के जंगल बनासो-बनपुरा मुख्य सड़क से थोड़ी दूर पर पुलिस को क्षति पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा सड़क किनारे लगाई गई बीस-बीस किलोग्राम की दो लैंड माइंस पर नजर पड़ी। दोनों ही लैंड माइंस को सड़क या पुल में प्लांट करने के लिए रखा गया था। बम निरोधक दस्ते के सहयोग से उसे निष्क्रिय कर दिया गया।

**पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने नक्सलियों के मंसूबों को किया नाकाम, क्षति पहुंचाने के लिए सड़क किनारे प्लांट की गई थी लैंडमाइंस**



पीरटांड़ के जंगल में मिली बीस-बीस किलो की दो लैंडमाइंस ● जागरण

# CRPF to intensify operations in Naxal-infested areas

**PNS ■ RANCHI**



The 26th Central Reserve Police Force (CRPF) Battalion, which is fighting against Maoists across the Jhumra, is set to intensify search operations in jungles and hilly terrain to weed out extremism completely.

ASP Umesh Kumar who leading 26 Battalion of CRPF deployed in Jhumra, claimed that the Maoists are taking their last breath in Jhumra with their numbers being reduced to very few in comparison to past few years. They have chalked out strategy to intensify operation against Maoists in Jhumra.

"Due to the presence of CRPF, there are very few Maoists left in Jhumra who will also be nabbed soon including Mithlesh Mahto. Though the information based raids are still being conducted, but they have plans to launch massive operation in Jhumra," said Kumar

Meanwhile, the CRPF officials distributed blankets, shawls, clothes, mosquito nets among the villagers in Jhumra. CRPF men deployed at the camp gained confidence of the villagers by distributing essential items under their civic action programme.

Kumar said that following the recent incident the Bokaro-Hazaribagh border have been sealed so that Maoists could not enter here. He also stated that Maoists who have started losing ground in Jhumra is looking for chance to attack on para-military and police to register their presence, but they are alert.

Recently in an encounter between the CRPF and the ultras belonging to CPI Maoists,a jawan of the CRPF was injured in Rajderwa forest located under Chatrochati police station area of Gomia block of this district.

Police sources said they received a tip off that a squad by Maoist commander Mithlesh Mahto alias Duryodhana Mahto was comping in the area,after which a search operation was launched led by ASP abhiyan Umesh Kumar.

Recent gun battle had took which lasted for about an hour,after which the Maoists escaped into the deeper reaches of the forest.

Search and combing operations were going on the area after gun battle for last five days, added sources.

Scanned with CamScanner

# चतरा में बेंगवातरी जंगल से तीन केन बम बरामद

हंटरगंज (चतरा) | निज प्रतिनिधि

वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र की जोलडीहा पंचायत के बेंगवातरी जंगल में प्लांट किए गए तीन केन बम को पुलिस ने सोमवार की देर शाम बरामद किया। बिहार पुलिस, एसएसबी और कोबरा बटालियन द्वारा अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान जमीन में प्लांट किए गए बम को डिटेक्ट किया गया।

एसएसबी ए बटालियन के कमांडर आलोक कुमार को सूचना मिली थी कि जंगल में नक्सली किसी बड़े घटना को अंजाम देने को लेकर योजना बना रहे हैं।


## नक्सली साजिश विफल

- पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए किया गया था बम प्लांट
- एसएसबी, कोबरा और पुलिस के संयुक्त अभियान में सफलता

सूचना के बाद सर्च अभियान चलाया गया। प्लानिंग के तहत अभियान के दौरान पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगातार तीन जगहों पर केन बम को प्लांट किया गया था। लेकिन पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया।


# नौडीहा बाजार में सीआरपीएफ ने गरीब-असहायों के बीच बांटे कंबल

संवाददाता



**नौडीहा बाजार :** सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन ने बुधवार को डगरा ओपी में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कैंप लगाया गया। कैम्प में जवानों ने डगरा पंचायत के नक्शल प्रभावित क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव रायबार, कटोरवातरी, चौकवा चट्टान, रतनाग, एवम् महुवरी के असहाय, विकलांग, वृद्ध और विधवा ग्रामीणों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरण किया, साथ ही नक्शल प्रभावित क्षेत्र डगरा पंचायत के सैकड़ों किसानों के बीच विविध प्रकार के सब्जी बीज जैसे मुली, करेला, प्याज, धनिया, भिडी, नेनुआ और साग के अलावा खाद का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान डगरा कैम्प के कम्पनी कमांडर राजेंद्र सिह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि नक्शल प्रभावित सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कहा यह इलाका नक्शल प्रभावित होने के कारण आज तक पिछड़ा रह गया है। नक्सलियों के खौफ और दहशत के कारण सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गया आज डगरा सहित आसपास के गांवों में सड़क पुल-पुलिया का निर्माण तेज गति से हो रहा है। डगरा सीआरपीएफ कैंप स्थापित होने के बाद विकास कार्यों में तेजी आई है। इस दौरान डगरा सहित आसपास गांव के ग्रामीणों ने बताया कि डगरा कैम्प खुलने के बाद हमलोग को बहुत लाभ मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि सीआरपीएफ बीच-बीच में कार्यक्रम आयोजित कर कम्बल, निशुल्क मेडिकल कैंप और निशुल्क दवा वितरण करती है इससे हमलोग को काफी लाभ हैं। मौके पर मुखिया सिकन्दर सिह, वार्ड पार्षद पनवा देवी,एएसआई बुद्धदेव उरांव, एएसआई शैलेन्द्र सिह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।


# शांति और सौहार्द बनायें लोग, अशांति नहीं होगा गारंटी हमारी : रैपिड एक्शन फोर्स


शहर में फ्लैग मार्च करते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान वह पदाधिकारी


रैप के उप कमांडेंट राकेश कुमार से स्थिति का जायजा लेते एसपी व अन्य

लोहरदगा (संवाददाता) : लोहरदगा में अमन-चैन बहाल करने में रैफ के जवानों की बड़ी भूमिका रही है। सी 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स जमशेदपुर के जवानों द्वारा 1 फरवरी को उप कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। मार्च शहर के सभी प्रमुख इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में एसपी प्रियदर्शी आलोक, एसडीओ ज्योति झा, डीएसपी बबन, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार और सहायक अमरकांत कुमार, आइआरबी पुलिस उपाधीक्षक अमीश हुसैन समेत बड़ी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल मार्च किया। मार्च पावरगंज से शुरू होकर कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, बड़ा तालाब, गुदड़ी, अपर बाजार, बरवा टोली, मेनका सिनेमा हॉल, पावर गंज चौक, तैगी नगर, बरवा टोली, अजय उद्यान, ईदगाह, निधि कॉम्प्लेक्स, दुपट्टा चौक, ब्राह्मणडीहा, होते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गो-गलियों से गुजरा। रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों के द्वारा किए लगातार किये जा रहे फ्लैग मार्च से शहर के सभी इलाकों में शांति व्यवस्था कायम हुई है। वहीं उपद्रवियों में पुलिस का खौफ 20 साफ देखा जा रहा है। तथा नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है। जिस कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने की अपील की। मौके पर रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार ने कहा कि किसी के बहकावे या अफवाहों मे नहीं आए लोहरदगा वासी आपसी सौंदर्य बनाए रखें दंगा नहीं होगा गारंटी हमारी है। साथ ही बताया गया कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्वीटर पर किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक, जातीय, धार्मिक, विधि-व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड न करें। बीते दिनों से ज्यादा आज दुकानें खुली रही तथा लोग भी सड़कों पर नजर आए। इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से दुकानों से रोजमर्रा की जरूरतों का सामान देते नजर आए।

# नक्सलियों की दो बाइक व अन्य सामग्री बरामद



चाईबासा। टेबो थाना क्षेत्र के मानमारू की पहाड़ियों में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के द्वारा कैंप लगाकर ठहरे होने की सूचना पर टेबो थाना पुलिस, 174 बटालियन, 60 बटालियन सीआरपीएफ और कोबरा की टीम द्वारा संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान बताए गए उक्त स्थान पर पुलिस पहुंचे तो पुलिस को देखकर नक्सली भागने में सफल रहे। पुलिस ने कैंप लोकेशन से नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्रियों को बरामद किया है। जिसमें दो मोटरसाइकिल, जिंदा गोली, खाद्यान्न सामग्री कई चटाई कंबल एवं बैग में रखे अन्य सामान काफी मात्रा में बरामद किया गया। पुलिस नक्सलियों की तलाश में लगी हुई है।

Scanned with CamScanner

# सीआरपीएफ ने चतरो में सामग्री का किया वितरण

देवरी : सीआरपीएफ की सांतवीं बटालियन की ओर से सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियां एवं गरीब ग्रामीणों के बीच कंबलए चादर समेत अन्य सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ सातवीं बटालियन के सेकंड कमांडेंट तिलक राज समेत अन्य लोग उपस्थित थे। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को स्कूल बैगए टिफिन बॉक्स उपलब्ध कराया गया जबकि गांव के गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबलए साड़ीए गमछाए चादरए पानी टंकी के अलावे किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। इस दौरान खेल में रुचि रखने वाले ग्रामीण खिलाड़ियों को खेल सामग्री भी उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में सेकंड कमांडेंट तिलक राज ने कहा कि लोगों के मन से पुलिस और सेना का भय दूर करने के लिए ऐसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कहा कि सीआरपीएफ जवान सिर्फ लोगों को सुरक्षा देने के लिए नहीं है बल्कि जनता की हर सुख दुख में सीआरपीएफ की टीम साथ निभाने को तत्पर है।

# सीआरपीएफ ने कंबल मच्छरदानी व बीज बांटे

संवाददाता

**खूंटीः** अड़की सीआरपीएफ 157 बटालियन के सौजन्य से अड़की में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बटालियन के कमाण्डेण्ट रमाकांत पाण्डा द्वितीय कमान अधिकारी विक्रम सिंहए उप कमांडेंट कुमार राकेश रंजनए सहायक कमांडेंट रोहित रंजनए पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ रांची रेंज की श्रीमती उषा कण्डुलना की उपस्थिति में नेहरू युवा केन्द्र संगठन के सहयोग से 20 छात्र.छात्राओं को चंडीगढ़ टूर के लिए भेजा गया और 40 विद्यार्थियों को ककंप्यूटर का बेसिक कोर्स शुरू कराया गया। 40 महिलाओं को एक महीने की टेलरिगं सिखाने का कार्य काम का भी शुभारंभ किया गया। वहीं सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत जरूरतमंद लोगों को मच्छरदानीए कम्बल, 200 गामीण किसानों को खाद.बीज दिये गये। साथ ही किसानों को कृषि की नयी तकनीक की भी जानकारी दी गयी, ताकि किसान भविष्य में इस तकनीक को अपना कर अधिक से अधिक उत्पादन कर लाभान्वित हो सकें। सिविक एक्शन प्रोग्राम में अड़की के आसपास के गांव और टोले से सैकड़ों की संख्या में लोग आये और 157 बटालियन सीआरपीएफ कैंप अड़की में आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम और नेहरू युवा संगठन केन्द्र के कार्य के बारे जानकारी प्राप्त की।

# चौका के जंगल में चार केन बम बरामद

**लाल आतंक**

सरायकेला | संवाददाता

चौका के जंगल से शनिवार को चार केन बम बरामद किये गये। सीआरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम को विशेष तलाशी के दौरान यह सफलता मिली। यह जानकारी एसपी कार्तिक एस ने कार्यालय में संवाददाताओं को दी।

उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने ये केन बम पुलिस और सेनाकर्मियों को क्षति पहुंचाने के लिए लगाया था। जिला पुलिस, सीआरपीएफ व झारखंड जगुआर की टीम विशेष अभियान पर निकली थी। अभियान के क्रम में चौका के डुंगुरडीह के जंगली क्षेत्रो में एक-एक किलो के चार केन बम बरामद किये गये। इसे बीडीडीएस की टीमं ने मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया। एसपी ने बताया कि केन बम को डिफ्यूज कर पुलिस ने नक्सलियो के मंसूबे पर पानी फेर दिया। यह पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। एसपी ने कहा कि नक्सली अंतिम सांसें गिन रहा है, जल्द नक्सल मुक्त होगा। मौके पर एएसपी अभियान पुरुषोत्तम कुमार, सीआरपीएफ के उप कमांडेट गोपाल विरजी व एसडीपीओ राकेश रंजन उपस्थित थे।



चौका के जंगल में बरामद केन बम को दिखाती पुलिस–सीआरपीएफ की टीम।

## जंगल में बम विस्फोट होने से बच्ची घायल

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना अंतर्गत मोरवाई गांव के पास के जंगल में बम विस्फोट होने से नमी राम की सात वर्षीया पुत्री सोनम कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल बच्ची को शुक्रवार की रात दस बजे बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर इलाज कराया। प्रभारी डॉक्टर एसके सुबोध ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पलामू मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। प्रभारी सुबोध ने बताया कि बम विस्फोट में बच्ची के दोनों हाथ जख्मी हो गए हैं। शरीर के अन्य भाग भी जख्मी हुए हैं। परिजनों के अनुसार शुक्रवार को अपराह्न तीन बजे सोनम मां के साथ जंगल में जलावन के लिए लकड़ी चुनने गई थी। इस दौरान बम की चपेट में वह आ गई। जिससे वह घायल हो गई।

Scanned with CamScanner

# Maoist dump busted, four rifles seized

Vishal Sharma
htjharkhand@hindustantimes.com

**RANCHI:** The security forces on Thursday busted a CPI (Maoists) dump in the bordering areas of Jharkhand and Bihar and unearthed improvised explosive devices (IEDs), firearms and live ammunition.

A joint team of Palamu district armed police (DAP) and central reserve police force (CRPF) personnel found a Maoists' dump at hills near Siraniya Dam under the Pipra police station, very close to the Bihar borders.

> The operation was launched after we received a tip off about the presence of a Maoists' squad in the forest. They had hid the mines and weapons in a ditch behind boulders and bushes.
>
> CRPF OFFICER

The team found five IEDs (canned bombs) weighing five kilogram each, four rifles and 40 live rounds of ammunition for AK-47 from the dump.

They also found gelatin and electric wire from the spot. The bomb disposal squad diffused the bombs immediately.

A CRPF officer said, "The operation was launched after we received a tip off about the presence of a Maoists' squad in the forest. They had hid the mines and weapons in a ditch behind boulders and bushes."

The Chhatterpur sub divisional police officer (SDPO) Shambhu Kumar Singh said, "This is a major recovery and our drive against the CPI (Maoists) would keep going."

A police officer while requesting anonymity said that the Maoists had even marked the can bomb with names of places where they were supposed to be planted.

# पलामू : पिपरा में पांच केन बम समेत हथियार व गोलियां बरामद



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सीआरपीएफ 134वीं बटालियन और जिला पुलिस को संयुक्त सर्च ऑपरेशन में बड़ी कामयाबी मिली। पिपरा थाना क्षेत्र के सिरिनिया जंगल से जवानों ने 5 केन बम बरामद किया। साथ ही 4 देशी बंदूक, 40 एके-47 की गोलियां समेत कई सामान की बरामदगी की गई। बम निरोधक दस्ते के सहयोग से बमों को डिफ्यूज कर दिया गया। सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी कि सिरिनिया जंगल में नक्सली मौजूद हैं और बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस संयुक्त रूप से पहुंची और (शेष पृष्ठ 02 पर)

सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान झाड़ियों व चट्टानों के बीच छिपाकर रखे गए हथियार व विस्फोटकों की बरामदगी की गई। सुरक्षा बलों ने 4 देशी बंदूक, एक .315 बोर का देशी कट्टा, एके-47 की 40 गोलियां, 6 जिलेटीन और 20 मीटर इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया है।

CS Scanned with CamScanner

PULWAMA ATTACK ANNIVERSARY

# Tributes paid to CRPF jawans, memorial launched

**Jammu:** On the first anniversary of ghastly Pulwama terror attack, Central Reserve Police Force (CRPF) on Friday paid rich tributes to 40 CRPF personnel who had sacrificed their lives when their convoy was targeted by a suicide bomber of Pakistan-based Jaish-e-Mohammad (JeM) terror outfit.

Several political leaders led by BJP National General Secretary, Ram Madhav, also visited the ground zero of the attack near Lethpora on Jammu-Srinagar National Highway and offered floral tributes to the martyred CRPF jawans.

On the occasion, a memorial built in the memory of martyred CRPF personnel, was inaugurated at the Lethpora camp. The names of all the 40 personnel along with their pictures are a part of the memorial along with the moto of the Central Reserve Police Force (CRPF) — 'Seva and Nishtha' (Service and Loyalty).

After attending a solemn tribute ceremony, Additional Director General of CRPF Zulfiquar Hasan said told reporters, It is a way to pay homage to the brave jawans who lost their lives in the attack,"

"The names of all the 40 soldiers along with their pictures will be part of the memorial. "It definitely was an unfortunate incident and we have learnt our lessons now. We were always extra alert during our movement but now an extra layer of alertness has been added to it," Hasan said.

Umesh Gopinath Jadhav from Maharashtra was the special guest at the wreath-laying ceremony at CRPF campus here to mark a year of the attack.

Jadhav took a 61,000 km long journey across India to meet families of the 40 jawans who lost their lives in the attack. Jadhav met the families of the Pulwama martyrs and said that he collected the soil from their houses.


"I am proud that I met all the families of Pulwama martyrs, and sought their blessings. Parents have lost their sons, wives lost their husbands, children lost their fathers, friends lost their friends. I collected soil from their houses and their cremation grounds," Jadhav said.

*PNS*

Scanned with CamScanner

# पुलवामा के शहीदों को अर्पित किये श्रद्धा के फूल


## सनातन एकता मंच ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



**रांची :** सनातन एकता मंच झारखंड प्रदेश के द्वारा शहीद चौक पर पुलवामा हमले में शहीद 44 अमर वीर शहीदों को नमन करने का एक कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों के नाम पुष्प अर्पण किए गए। मंच द्वारा शहीदी दिवस पर देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस दौरान देश की सुरक्षा में एक कदम आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। मंच के पिंटु साहु और महिपाल महतो ने कहा की जम्मू कश्मीर पुलवामा जिले में 14 फरवरी को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 2500 से अधिक कर्मी और 78 वाहनों के काफिले में जा रहे थे। जम्मू-कश्मीर राजमार्ग पर अवंतीपुरा इलाके में लाटूमोड़ पर इस काफिले पर अपराहन करीब 3:30 बजे घात लगाकर हमला किया गया। इस भीषण फिदायिनी /आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 39 जवान शहीद हो गए।

इन शहीदों की याद में इन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए 14 फरवरी 2020 को पहला पुलवामा शहीद दिवस मनाया जाएगा। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में 39 जवान शहीद हो गए और 20 से अधिक घायल हो गए हमले के वक्त 2500 जवान 78 वाहनों के काफिले में जा रहे थे। इसी दौरान 'जैश ए मोहम्मद' के आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी कार से उनकी बस में टक्कर मार दी। धमाका इतना जबरदस्त था कि बस के परखच्चे उड़ गए करीब 10 किलोमीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दीसाथ ही आतंकियों की इस करतूत की निंदा करते हुए पाकिस्तान विरोधी नारे भी लगाए वीर शहीद अमर रहे वंदे मातरम आदि देश भक्ति नारा लगाते हुए मं सैकड़ों की संख्या में मंच के सदस्यों ने शहीदों को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा आतंक के खिलाफ देश में कठोर कार्रवाई की मांग की गई। इस मौके पर सनातन एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार, संगठन मंत्री महिपाल महतो ,सचिव पिंटू साहू, बृजेश सिंह, विकास, भीम शर्मा, शशोधर महतो, राजकिशन, विक्की ,राहुल ,आयुष, शिवम जी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों की याद में पौधारोपण



**रांची :** राष्ट्रीय कला मंच और सामुदायिक विकास संघ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग संस्थान सर्वोदय आश्रम तिरिल धुर्वा में पौधारोपण किया गया।

यह पौधारोपण पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद 44 जवानों की याद में किया गया। पौधरोपण शहीद जवानों के नाम पर किया गया। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षाकर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 44 भारतीय सुरक्षाकर्मी शहीद हो गये थे। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले के अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। इस घटना में मारे गए जवानों की याद में वृक्षारोपण किया गया और उन्हें नमन किया गया। इस क्रम में विजय सोरेंग, पंकज कुमार, विजय कुमार सहित कुल 44 शहीद जवानों के नाम पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर छोटानागपुर ग्रामोद्योग संस्थान के संरक्षक अभय कुमार चौधरी, सचिव भावना चौधरी, सामजसेवी प्रिंस आजबानी, आशुतोष द्विवेदी, अतीन्द्र नाथ वैद, राजीव नयन, अमन कुमार उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

# गृह मंत्री के सामने सीआरपीएफ का प्रेजेंटेशन

**रांची.** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एयरपोर्ट पर झारखंड चैप्टर के सीआरपीएफ अधिकारियों के साथ नक्सल मुद्दे पर बैठक की. इस दौरान सीआरपीएफ की ओर से गृह मंत्री को पावर प्रेजेंटेशन के जरिये बताया गया कि कहां पर किस तरह से अभियान चल रहा है. समन्वय के मुद्दे पर सीआरपीएफ अफसरों ने बताया कि झारखंड पुलिस से उनलोगों को बेहतर सहयोग मिल रहा है. बैठक में सीआरपीएफ झारखंड चैप्टर के आइजी राजकुमार के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे.

CS Scanned with CamScanner

# सीआरपीएफ के अफसरों से शाह ने ली नक्सली गतिविधियों की जानकारी

**राज्य ब्यूरो, रांची :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रांची हवाई अड्डे पर सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और झारखंड में नक्सली गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। मौके पर झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने राज्य में नक्सल गतिविधियों पर गृहमंत्री को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। बताया कि अब सीमित क्षेत्र में ही नक्सल गतिविधियां संचालित है, जिसपर दबिश बनाने का प्रयास चल रहा है। झारखंड पुलिस के साथ सीआरपीएफ के जवान आपसी समन्वय से बेहतर अभियान चला रहे हैं और इसका बेहतर परिणाम भी दिख रहा है। गृहमंत्री को बताया गया कि राज्य में सारंडा, बूढ़ा पहाड़ व पारसनाथ क्षेत्र में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में अब नक्सलियों के बड़े नेताओं की तलाश चल रही है ताकि उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

Scanned with CamScanner

# उग्रवाद क्षेत्र में चला सीआरपीएफ का सिविक एक्शन प्रोग्राम


**गोमिया,बोकारो** : सीआरपीएफ के 26 बटालियन रहावन स्थित कंपनी द्वारा मंगलवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गोमिया प्रखंड में अति नक्सल प्रभावित हलवेए असनापानी बिरहोरडेरा के दर्जनों ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सीआरपीएफ के समादेष्टा अखिलेश कुमार के निदेर्शानुसार सीआरपीएफ ए कंपनी के कमांडेंट इंस्पेक्टर सुशील तिग्गा ने कंबल, मच्छरदानी, खाना बनाने का बर्तनए डेगची, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स का वितरण किया। जिससे ग्रामीण महिला नियमित जीवन गुजर कर सके साथ ही ग्रामीण महिलाओं के आय से संबंधित जानकारी भी दी। कमांडेंट इंस्पेक्टर तिग्गा ने कहा कि महिलाओं व ग्रामीणों को आत्म निर्भर बनाने व मुख्यधारा से जुड़ने को लेकर इस तरह के कई कार्यक्रम रहावन सीआरपीएफ 26 बटालियन की ओंर से चलाये जा रहे है। कार्यक्रम के समापन में स्थानीय खेल प्रेमियों के बीच फुटबॉलए बॉलीबॉल सहित खेल सामाग्री का भी वितरण किया गया। मौके पर जगेश्वर बिहार पुलिस प्रभारी विष्णु कुमार साह, विजय कुमार पांडेय, तिलैया मुखिया बालेश्वर महतो, गोविंद किस्कू सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

# झुमरा की तलहट्टी में सीआरपीएफ ने चलाया सिविक एक्शन प्रोग्राम

**संवाददाता**

**गोमिया /बोकारोः** सीआरपीएफ के 26 बटालियन गोमिया के झुमरा पहाड़ स्थित बी कंपनी द्वारा शनिवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गोमिया प्रखंड में अति नक्सल प्रभावित झुमरा, अमन, सुअरकटवा, सिमराबेडा के दर्जनों ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सीआरपीएफ के समादेष्टा अखिलेश कुमार के निदेर्शानुसार सीआरपीएफ बी कंपनी के सूबेदार मेजर कपिलदेव ने कंवल, मच्छरदानी, खाना बनाने का बर्तन, डेगची, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग सहित अन्य सामाग्री का वितरण किया। जिससे ग्रामीण महिला नियमित जीवन गुजर कर सके। साथ ही ग्रामीण महिलाओं के आय से संबंधित जानकारी भी दी। सूबेदार कपिलदेव ने कहा कि महिलाओं व ग्रामीणों को आत्म निर्भर बनाने व मुख्य धारा से जुड़ने को लेकर इस तरह के कई कार्यक्रम समय समय पर झुमरा सीआरपीएफ 26 बटालियन की ओंर से चलाये जा रहे है।



**अमन गांव में सीआरपीएफ द्वारा लगाया गया सोलर लाइट।**

## आधा दर्जन सोलर लाइट लगाये

कार्यक्रम के समापन में सीआरपीएफ जवानों द्वारा नक्सल प्रभावित गांव झुमरा गांव में दो,अमन गांव में एक, सिमराबेडा में एक और सुअर कटवा में एक सोलर लाइट लगाया गया।

## खेल सामाग्री का वितरण

स्थानीय खेल प्रेमियों के बीच फुटबॉल, बॉलीबॉल सहित कई खेल सामाग्री का भी वितरण किया गया। मौके पर मौके पर सब इंस्पेक्टर नूर आलम, कांस्टेबल जिग्नेश कुमार, मुन्ना कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, अनुपम कुमार संजय कुमार सहित 26वीं के कई जवान और स्थानीय सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

CS Scanned with CamScanner

# विशुनपुर में नक्सलियों की साजिश विफल, भारी मात्रा में विस्फोटक मिले

गुमला। गुमला पुलिस और सीआरपीएफ-218 बटालियन के जवानों ने राष्ट्रपति के दौरे से पांच दिन पूर्व विशुनपुर के टेमारकच्चा जंगल से भाकपा माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। विस्फोटक से आईईडी बम बनाकर पुलिस के जवानों को नुकसान पहुंचने की योजना थी। लेकिन उससे पहले पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया। पुलिस व सीआरपीएफ जवानों ने जंगल से स्टील कंटेनर, अमोनियम नाइट्रेट, नक्सल साहित्य, सेफ्टी फ्यूज, जिलेटिन, वायर, डेटोनेटर सहित अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। पुलिस और सीआरपीएफ के जवान नक्सलियों की तलाश में जंगल में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

Scanned with CamScanner

सीआरपीएफ के साथ जिला पुलिस का सम्मिलित प्रशिक्षण प्रारंभ, सीआरपीएफ ने कहा

# नक्सल-विरोधी अभियान में मील का पत्थर साबित होगा प्रशिक्षण

संवाददाता

**बोकारो:** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 26वीं बटालियन के डीआईजी दिलीप कुमार चैधरी, बोकारो के पुलिस अधीक्षक पी मुरुगन तथा सीआरपीएफ 26वीं बटालियन के कमांडेंट अखिलेश कुमार द्वारा सीआरपीएफ के चास स्थित मुख्यालय में जिला बल के सम्मिलित प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। डीआईजी, सीआरपीएफ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उच्च स्तर पर लिए गए निर्णय के तहत यह अपनी तरह का पहला प्रशिक्षण है। जिसमें राज्य पुलिस के अधिकारी, जवान सीआरपीएफ के अधिकारी व जवानों के साथ सम्मिलित



प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से राज्य पुलिस के कार्मिकों की परिचालनिक क्षमता में वृद्धि होगी और यह नक्सल विरोधी अभियान में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी, अनिल शेखावत, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) उमेश कुमार व सीआरपीएफ के उप कमांडेंट पंकज कुमार भी उपस्थित थे।

रांची एक्सप्रेस – 08.02.2020

# देश सेवा के साथ ग्रामीणों को मदद पहुंचा रही है सीआरपीएफ : कमांडेंट

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच दैनिक उपयोग सामग्री का किया वितरण

संवाददाता

**लातेहार:** सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट ऋषि राज सहाय के नेतृत्व में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत उग्रवाद प्रभावित गांव कुमंडिह, बड़काडीह, लावागढ़ा, जोबला, अंबाटिकर, अटिखेता, हट्टा, शिवचरण टोला व पतकी आदि गांव के महिला, पुरुष व बच्चों के बीच स्टेशनरी, खेल सामग्री, दवाई, किसानों के बीच खाद, बीज आदि सामान का वितरण किया गया। कमांडेंट ऋषि राज सहाय ने कहा कि सीआरपीएफ देश की सेवा के साथ-साथ ग्रामीणों को मदद करने में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। लगातार ग्रामीणों के बीच



सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत दैनिक उपयोग में होने वाले सामान का वितरण कर ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को सुधार करने का काम किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं भी चलाई जा रही है। जिसका लाभ ग्रामीण उठा रहे है। प्रोग्राम के तहत 700 ग्रामवासियों को लाभ पहुंचाया गया। मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, उप कमांडेंट डॉ चंदन कुमार, कुमंडिह पिकेट के कंपनी कमांडर जेडी यादव ,मनोज कुमार आदि जवान व ग्रामीण लोग मौजूद थे।